लोक सभा

क्रम सं.	संसद सदस्य का नाम	निर्वाचन क्षेत्र
1.	डा. रामलखन सिंह	भिंड
2.	श्री शिवराज सिंह	विदिशा

राज्य सभा

क्रम सं.	संसद सदस्य का नाम	केंद्रक जिला
1.	श्री राधव जी	विदिशा
2.	श्री ओ. राजगोपाल	दुर्ग
3.	श्री अजीत पी.के. जोगी	दमोह
4.	श्रीती वीना वर्मा	बिलासपुर
5.	श्री गोविंदराम मिरि	बिलासपुर
6.	श्री हंसराज भारदवाज	ग्वालियर
7.	श्री सिकंदर बख्त	ग्वालियर
8.	श्री सुरेश पचौरी	भोपाल

मध्य प्रदेश कि जिला मजिस्ट्रेट के विरूद्व सांसदों की शिकायतों पर की गई कार्रवाई

275. **श्री राधवजीः** क्या प्रधान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) मध्य प्रदेश के उन संसद सदस्यों के नाम क्या हैं जिन्होंने सांसद निधि के व्यय में अनावश्यक हस्तक्षेप और संबंधित सांसद द्वारा दिए गए निर्देशों का अनुपालन न करने के संबंध में जिला मजिस्ट्रेट के विरूद्व सरकार से शिकायत की है, औऱ

(ख) इन शिकायतों के संबंध में सरकार द्वारा की गई कार्रवाई का ब्यौरा क्या है और यदि नहीं तो इसके क्या कारण हैं?

योजना और कार्यक्रम कार्यान्वथन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्रीमती रलमाला देहरेश्नसवनूर): (क) और (ख) मध्य प्रदेश के माननीय अर्गल एवं श्री गोविन्दराम मिरि ने संबंधित जिला-अधिकारियों के विरुद्व शिकायतें की थीं, जिसके बारे में तथ्यात्मक रिपोर्ट प्राप्त की गई एवं संबंधित अधिकारियों को आवश्यक सलाह/सूचना दें दी गई थी।

बांका (बिहार) में पावर ग्रिड स्टेशन की स्थापना

276. **श्री जनार्दन यादवः** क्या विद्युत मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या यह सच है कि बांका (बिहार) में पावर ग्रिड स्टेशन सथापित करने के लिए वर्ष 1985 में स्वीकृति दी गई थी,

(ख) क्या यह सच है कि उक्त पावर ग्रिड स्टेशन का 50 प्रतिशत से भी अधिक निर्माण कार्य पूरा हो गया है, और

(ग) यदि हां, तो इस परियोजना के कब तक पूरा होने की संभावना है?

विज्ञान औऱ प्रौद्योगिकी मंत्रालय के राज्य मंत्री तथा बिद्युत मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री योगेन्द्र कुमार भगतराम अलघ): (क) से (ग) सूचना एकत्र की जा रही है तथा सभा पटल पर रख दी जाएगी।

उत्तर प्रदेश में विद्युत परियोजनाएं

277. **श्री ईशा दत्त यादवः** क्या विद्युत मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) उत्तर प्रदेश में स्थापित की जाने वाली नई विद्युत परियोजनाओं की संख्या क्या है,

(ख) चालू वित्तीय वर्ष के दौरान योजना आयोग द्वारा मंजूर की गई परियोजनाओं की संख्या क्या है,

(ग) ये प्रस्ताव किस स्तर पर लंबित पडे है,

(घ) प्रत्येक परियोजना की अनुमानित लागत कितनी है और उसकी प्रतिष्ठापित क्षमता क्या है, औऱ

(ड) इन परियोजनाओं को शीघ्र स्वीकृति देने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं?

विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय के राज्य मंत्री तथा विद्युत मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री योगेन्द्र कुमार भगतराम अलग): (क) उत्तर प्रदेश राज्य में